# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने विभागीय 'व्हाट्सएप चैटबॉट' की हेल्पलाइन का किया शुभारंभ

## चर्चा में क्यों?

10 अप्रैल, 2023 को सामाजिक न्याय एवम अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने एम-गवर्नेंस के क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर विभागीय योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों को व्हाट्सएप के माध्यम से जानकारी एवं अन्य सुविधाएँ उपलब्ध करवाने हेतु 'व्हाट्सएप चैटबॉट' का वर्चुअल शुभारंभ किया।

## प्रमुख बिंदु

- व्हाट्सएप्प चैटबॉट के माध्यम से प्रारंभिक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा, पेंशन योजनाएँ, छात्रवृत्ति योजनाएँ, पालनहार, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना तथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से संबंधित सेवाएँ उपलब्ध करवाई जा रही हैं।
- लाभार्थियों द्वारा ई-मित्र के माध्यम से आवेदन करने पर आवेदक द्वारा शुल्क वहन किया जाता है लेकिन व्हाट्सएप चैटबॉट के माध्यम से उपलब्ध लिंक पर आवेदन करने पर सुलभता एवं सहजता के साथ समय एवं राशि दोनों की बचत की जा सकती है।
- सामाजिक न्याय एवम अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि विभागीय व्हाट्सएप चैटबॉट मोबाईल नंबर 9462745980 पर आवेदन करके इन योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/minister-of-social-justice-and-empowerment-launched-the-helpline-of-departmental-whatsapp-chatbot-